[Mr. Deputy speaker]
the Reserve Bank of India Act, 1934, the Industrial Finance Corporation Act, 1948, the state Financial Corporations Art 1951 the Life Insurance Corporation Act, 1956, and tne Unit Trust of India Act, 1963."

*The motion was adopted*

SHRI YESWANTRAO CHAVAN : I introduce† the Bill.

---

**13.44 Hrs**

## MOTION *RE* WORKING OF FOOD CORPORATION OF INDIA—*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : We take up further consideration of the following motion moved by Shri Atal Bihari Vajpayee on the 12th December, 1973 namely :—

"That this House do consider working of the Food Corporation of India".

Shri Shankar Dayal Singh was speaking on the last occasion. He may continue.

**श्री शंकर दयालसिंह (चतरा)** : उपाध्यक्ष जी, मैं उस दिन जब भाषण दे रहा था तो अपने भाषण को समाप्त किया था कि आज जो मूल्य वृद्धि है, खाद्यान्नों का जो अभाव है, ऐसी स्थिति में भारतीय खाद्य निगम के कार्यों में कसावट की आवश्यकता है ।

**13.45 Hrs**

[SHRI K. N. TIWARY *in the Chair*]

हमारे पहले के वक्ताओं ने भी उस दिन इस बात पर बल दिया था और माननीय वाजपेयी ने भी बहस की शुरूवात करते हुए यह कहा था कि खाद्य निगम में भ्रष्टाचार है, अनुशासनहीनता है, गैर जवाबदेही है और लोगों में काम करने की भावना की कमी है । कुछ हद तक हम लोगों ने भी इन बातों को सपोर्ट किया था और इसलिए किया था कि जो भारतीय खाद्य निगम के कार्य हुए हैं इधर उन को देखते हुए हमें यह कहना पड़ता है कि भारतीय खाद्य निगम को एक शक्तिशाली और सक्रिय संस्था होने के लिये कसावट की आवश्यकता है । इस सम्बन्ध में जो कदम उठायें हैं कृषि मंत्री जी ने और राज्य कृषि मंत्री ने वे भी सराहनीय हैं । लेकिन उस के साथ साथ यह कहने के लिये बाध्य होता हूं कि उन कदमों से अभी तक बहुत कुछ लाभ नहीं हुआ है । कुछ आंकड़े मैं ने उस दिन आप के सामने रखे थे मैं नहीं चाहता कि बहुत से आंकड़ों के माया जाल में आप को फसाऊं, लेकिन बहुत संक्षेप में कहना चाहता हूं जैसे भारतीय खाद्य निगम में आज गड़बड़ घोटाले की और चारियों की बात ही ले लें, इन की शिकायतें कब आयीं, किस तरह से आयी और किस साल में कितनी आयी, इस को जरा देखा जाय ।

सभापति जी, भारतीय खाद्य निगम में चोरियों से जो क्षति हुई है केवल तीन साल का ब्यौरा रखना चाहता हूं, 1958 में 63 घटनायें चोरी की हुई जिन में 2,42,275 रु० का नुकसान हुआ, 1969 में 69 घटनायें हुई चोरी की जिन में 4,92,637 रु० का नुकसान उठाना पड़ा, 1970 में 62 घटनायें चोरी की हुई जिन में 5,04,739 रु० का नुकसान उठाना पड़ा । और यह नुकसान वास्तव में किस को उठाना पड़ता है ? क्या वहां काम करने वालों को उठाना पड़ता है ? नहीं बल्कि यह नुकसान उठाना पड़ता है भारत की उस गरीब जनता को जिस के लिये भारतीय खाद्य निगम कृत-संकल्प है, जिस के लिये इस की स्थापना की गई थी, जिस के लिये भारतीय खाद्य निगम का दावा है कि हम उस के लिये यह काम कर रहे है ।

मान्यवर, यही बात नहीं है, पब्लिक अन्डरटेकिंग कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय खाद्य निगम ने 5 सालों में जो

---

†Introduced with the recommendation of the President.

स्टोरेज लासेज दिये हैं वे 21 करोड़ 96 लाख के होते हैं 1966 से ले कर 1971 तक और इस सम्बन्ध में पब्लिक अन्डरटेकिंग कमेटी ने यह लिखा है :

"The committee find that the FCI suffered a total storage loss of Rs. 21.96 crores during 1966-67 to 1970-71. The committee are not impressed with the plea that viewed against the total turnover their losses were not much."

ढुलाई के समय ट्रांजिट लास 1965-66 में 1.58 प्रतिशत था लेकिन 1968-69 में 3.26 परसेंट हो गया। मान्यवर, भारतीय खाद्य निगम की वकालत हम सभी ने की है बराबर, और इसलिये की है कि जिस समय दुर्भिक्ष की स्थिति थी, अभाव की स्थिति थी, जिस समय कहीं गल्ला उपलब्ध नहीं हो रहा था, उस समय भारतीय खाद्य निगम ने अच्छे काम किये हैं। इस की स्थापना 1 जनवरी, 1965 में हुई थी उस दिन यह उद्देश्य था कि भारतीय खाद्य निगम उत्पादक और उपभोक्ताओं के बीच एक सेतु बनेगा जिस से करोड़ों लोगों को लाभ होगा।

हम मूल्य निर्धारण की ही बात ले लें 1969-70 में 70 रु० प्रति क्विंटल 1970-71 में 72 रु० प्रति क्विंटल और 1971-72 में 74 रु० प्रति क्विंटल और अब 90 रु० प्रति क्विंटल का भाव इस के द्वारा निर्धारित हुआ है। मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय खाद्य निगम का काम केवल उपभोक्ता के संतोष के लिये ही नहीं है, बल्कि उन किसानों के लिये भी है जो अनाज पैदा करते हैं। इसलिये अगर किसानों के मन में यह बात हो कि हम जो पैदावार करते हैं उस में लागत अधिक है लेकिन खाद्य निगम की ओर से कम पैसे दिये जाते है तो इस पर भारतीय खाद्य निगम को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए।

सब से बड़ी बात यह है, कई वक्ताओं ने कहा है, रोज अखबारों में निकलता है कि भारतीय खाद्य निगम में जो कर्मचारी काम करते है वे अनुशासनहीन है, इस में जो लोग काम करते है वे अपनी जवाबदेही को बिल्कुल नहीं समझते और पब्लिक अन्डरटेकिंग की जो रिपोर्ट आयी है भारतीय खाद्य निगम के बारे में उस ने भी इस की ओर ध्यान दिलाया है। अतः मैं कहना चाहूंगा मंत्री महोदय को कि एक कसावट लाइये भारतीय खाद्य निगम के कार्यों में और ऐसी कसावट लाइये जिस से जनता को महसूस हो कि आप ने जो इतना बड़ा निगम स्थापित किया है वह जनता के हित में आप ने स्थापित किया है। पब्लिक अंडरटेकिंग्ज़ कमेटी ने कहा था कि बहुत अधिक अधिकारी और कर्मचारी फ० सी० आई० में है और उन पर बहुत अधिक निगम का व्यय हो जाता है। पिछले दिनों जब चर्चा हो रही थी तो मैंने एक प्रश्न का हवाला दिया था जो मैंने इसी महीने की दस तारीख को पूछा था और जिस के उत्तर में राज्य कृषि मंत्री जी ने यह कहा था कि अभी आंकड़े इकट्ठे किये जा रहे है। बारह तारीख को जब यहां भारतीय खाद्य निगम के कार्य कलापों पर बहस हो रही थी तो मैंने फिर अपने प्रश्न को दोहराया था। मंत्री जी ने तब कहा था कि संसद की कार्रवाई समाप्त होने से पहले इसका वह उत्तर दे देंगे। मुझे खुशी है कि उनका उत्तर आज मेरे पास आ गया है। उस दिन जो मौखिक उत्तर दिया गया था और आज जो दिया गया है उन दोनों में समानता नहीं है। उस दिन कहा था कि भारतीय खाद्य निगम में 44 हजार कर्मचारी काम करते है। यह 12 तारीख को कहा था। लेकिन आज 22 तारीख को, यानी दस दिन के बाद कहते है कि 57 हजार करते है।

[श्री शंकर दयाल सिंह]

इसका मतलब हुआ कि दस दिनों के अन्दर 13 हजार की उनकी संख्या में वृद्धि हो गई ।

बार बार इस तरह की समस्यायें यहां आई है । कर्मचारी अधिक है और वे काम नहीं करते है । अधिक कर्मचारियों के होने की वजह से काम में गड़बड़ी होती है, अधिक कर्मचारी होने की वजह से बोगस बिल बनते हैं, उसकी वजह से मुनाफा कम होता है, घाटा होता है । इस वास्ते यह जरूरी है कि फालतू कर्मचारियों को आप हटाएं । मुझे जहां तक स्मरण है 7700 कर्मचारियों के बारे में कहा गया था कि उनकी छंटनी होनी चाहिये । मैं इसका समर्थन करता हूं । जो फालतू कर्मचारी हैं उनको आप हटाएं और काम में आप कसावट लाए ।

जो पिछले खाद्य निगम के चेयरमैन थे उनके जमाने में बहुत तरह की बातें सुनने में आई थीं, उन पर वाद विवाद भी हुआ था कंट्रोवर्सी भी शुरू हुई थी । अब जो नए चैयरमैन आए है मैं चाहता हूं कि काम के मामले में उनका इकबाल बलन्द हो, नाम के मामले में नहीं जैसा की पिछले दिनों नाम के मामले हुआ था । वह मैं नहीं चाहता हूं ।

मैं चाहता हूं कि भारतीय खाद्य निगम की स्थापना जिन उद्देश्यों को ले कर की गई थी उन उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए शीघ्र ही कारगर कदम उठाए जाएं । उस सम्बन्ध में मेरे निम्न सुझाव हैं । पहला यह है कि खाद्य निगम केवल अन्न का काम करें । कभी कभी दियासलाई का काम, चीनी का काम या दूसरी चीजों का काम इसके जिम्मे दिया जाता है वह न दिया जाए ।

खाद्य निगम के अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मचारी अपने को साहब नहीं सेवक समझें । ऐसा नहीं होना चाहिए कि पांच बजे और फाटक बन्द । फिर चाहे गेट पर सो, दो सो और चार सौ ट्रक खड़े हो और उनको कह दिया जाए कि गल्ला नहीं देंगे चाहे जनता भूखी मर रही हो । महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री ने कहा था कि प्रति ट्रक 35 रुपये राज्य सरकार को घूस देने पड़ते हैं । इस तरह के उदाहरण आगे से हमारे सामने नहीं आने चाहियें ।

भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के जो मामले होते रहते हैं जिन का एक विवरण आज ही मेरे प्रश्न के उत्तर में मंत्री महोदय ने दिया है और उन्होंने बताया है कि 152 ऐसे केसिस हैं जिन के अन्तर्गत भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं, उनको कड़ाई से रोका जाना चाहिए और इस तरह की चीजों को मिटाने के लिए सरकार सक्रिय कदम उठाए ।

राज्य सरकारें जो अपने निगम बनाने जा रही हैं, राज्य निगम उनको आपको इस में सहयोग देना चाहिये । भारतीय खाद्य निगम को अपना घाटा भी पूरा करना चाहिये और अपना ऐम भी कुछ व्यवस्थित करना चाहिये । राज्य सरकारों को ही मदद देकर उनको अगर यह काम सौंप दिया जाए तो ज्यादा उत्तम हो ।

SHRI SAMAR GUHA (Contai) Mr. Chairman, Sir, in tne Food Corporation of India our country, our Government have made a colossal investment, more than in any other public sector body......

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour) There is the Railways also.

SHRI SAMAR GUHA : ....except, perhaps, the Railways. I stand corrected. This is one of the intstitutions where the colossal national investment has been made. It has become really an institution of colossal wastage, colossal corruption, colossal inefficiency, I should say, creating colossal problem the country.... Because food is the key to all major problems. including the fluctuation of prices. Therefore, when I use the word "colossal"

I used it with all sense of responsibility. If I have sufficient time today, I can prove with facts and figures why I have used the word "colossal" in regard to corruption and other matters.

I regret to say that the Food Ministry, including the Ministers, has also colossaly failed to tackle the problem of the Food Corporation of India. The Prime Minister has undertaken a number of reshufflings but I do not know why the first thing that should have been done was to do the reshuffling of the Food Ministry. I know Shri F.A. Ahmed is a very fine gentleman but too soft to deal with the crookedness with which the whole structure of the Food Corporation reflects. The hon. Minister, Shri Annasaheb Shinde, has been too long dealing with this Department. He has himself got involved in the whole affairs of the F.C.I. It would have been more honourable and, perhaps, in the interest of the country if they had themselves offered to quit the Ministry and undertake the responsibility of some other Ministry. What is required to deal with the food problems is that our Ministers should have initiative, drive, imagination and real commitment to the policy of distribution of food through the public sector agency.

About the Food Corporation of India, if there is any public sector body which needs a complete overhauling not only in regard to its policy but in regard to its structure and also in regard to its functioning, it is this body. One hon. Minister himself, in one of his statements that he made in Bombay, said about the corruption in the F.C.I. This aspect has been discussed on innumerable occasions on the floor of the House and also in the public forum that nearly Rs. 200 crores are being spent on freight charges, handling charges, travellling expenses, godown handling chargs, depreciation and other overhead charges. It was the opinion that even 25 per cent of the cost can be minimised. Butthe Government has not come forward with any reasonable explanation inchallening the statement that has been made on the floor of the House, as also in this public forum, the reason is that there have been innumberable instances. I can cite examples of corruption in regard to trade, in regard to transport in regard to storage, and in regard to many other aspects.

**14 Hrs.**

The Government is engaging private contractors and are paying 23.5 paise for handling 100 bags. That could have been done with the employees of the Corporation itself at 10 paise for 100 bags. The Corporation has engaged private storing agents and are diverting a major portion of the foodgrains to the private godowns instead of keeping them in their own and other government godowns. 66 per cent of their godowns are lying unused in Orissa alone; only 33 per cent of the godowns are used. On the other hand, private godowns, hired godowns, are used. The Government has not gone into this whether private godowns, hired godowns, could have been avoided, whether they could have utilised Government's own ware pusing facilities, whether the Corporation could have used the maximum capacity in their own godowns. This has not been gone into.

Corruption, pilferage and the theft of foodgrains are regular features. In Bihar alone the losses came to Rs. 5 to 6 crores. In West Bengal and Orissa, the losses were Rs. 3 crores. I can cite many instances how crores of rupees are being misused by the contractors and private storage agents. The rice mill scandal in Orissa needs a special mention. Only two mills misappropriated foodgrains to the tune of Rs. 30 lakhs !

In West Bengal about 900 lorries supplied by the transport contractor have been caught by the workers for pilferage of foodgrains—worth Rs. 2 crores, in West Bengal alone. But no steps have been taken against them. There are also other cases.

Now I come to demurrage. These contractors do not clear the goods in railway sheds and the wagons remain for months. I will cite one example. In Sealdah railway siding, no food wagon was there during the period 10-7-1971 to 24-2-1972, but the Food Corporation have paid Rs. 4 lakhs as demurrage. Unfortunately, demurrage and other items of corruption are covered. The pilferage, theft, etc. of foodgrains are not shown in the Corporation's financial account as such; they are grouped under 'transit and storage account'. I will point out one instane. In Ludhina, one Mr. Jag Mohan Varma, a very loyal

[Shri SAMAR GUHA]

officer, caught redhanded an officer who used all old gunny bags in place of new ones. He caught that officer and that officer was transferred. What happened? There was an inquiry. Perhaps the inquiry committee said that an award should be given to this loyal and honest officer. But he was a union man. As a result he was transferred to Rudranagar in UP.

In the matter of economic drive, what did the Government do? They said two things. They wanted to retrench 945 employees, on the plea that now the *Rabi* season is over. Then they have reverted 1300 employees. What is the saving? Only Rs. 2.5 lakhs per month. Sir, you will be astonished to know that during the last two years, while class III officers are being retrenched and everted, officers drawing salaries over Rs. 1000 are being recruited. 307 officers were recruited and 70 officers were upgraded and new posts of Deputy commercial Manager, Personnel Manager and many other new posts are being created.

Now, Sir, about Rs. 291 crores are outstanding with the State Governments, Defence Ministry and other departments. on the contrary the FCI is paying interest to the extent of 8.5% per annum, but only if this money that is due to the FCI could be collected from the State Governments and other Departments the price of wheat would have come down. But they could save only Rs. 2.5 lakhs per month on these few officers.

Now, unfortunately, I use the word 'unfortunately' the new Chairman of the FCI is a gentleman from the Security Intellgence Service. He started what? He has set up a new security cell which will cost Rs. 30 lakhs and it may go upto Rs. 1 crore whereas, as I said, only Rs. 2·5 lakhs are required for these employees, whom they are shunting out while, at the same time, they are recruiting higher officers.

As I started, I would say that if the Government really want to deal with the food problem of the country effectively, then the Food Ministry should be reshuffled and a Minister with imagination, drive and a new spirit, a new spirit of commitment should undertake the responsibility and the FCI should be comletely overhauled with regard to its policy, with regard to its structure and in regard to its functions.

Lastly, a committee, a very high-power expert committee should be immediately instituted to go into the functioning of the FCI and see whether the public challenge that was made on the floor of the House as also from the public that 25% cost can be minimised by properly dealing with the aspects that I have already mentioned is correct.

SHRI RAGHUNANDAN LAL BHATIA (Amritsar) : Mr. Samar Guha just now said that the FCI has created a colossal problem to this country and that the F.C.I. has not been able to fulfil its objectives. He also mentioned about the rented godowns. With the role of the F.C.I. I will come a little later as to how a useful role is being played by this institution in the food economy of the country. Before that I would like to tell him that every State has got targets for procurement and the godowns have to be kept ready. If the procurements are not upto the mark, naturally, the godowns will be empty.

If the targets are fulfilled then shall the F.C.I. go to Mr. Guha and ask him to produce godowns ? Not at all. In order to achieve the procurement they have to be kept ready. Take for instance Bihar. Bihar offered to procure about 6 lakh tonnes of foodgrains but it only procured 30,000 tonnes. I would like to have a suggestion from him what the F.C.I. should do in such matters. I am very sorry to say that the role of this institution has not been properly appreciated in this House. This has worked very nicely and helped the food economy of the country. The basic objectives of this organisation are these: (1) to lend price support to foodgrains; (2) To build up buffer stocks so that we may need it at the time of our needs; and (3) To make foodgrains available to the consumers at reasonable price. I would like to say that the F.C.I. made the endeavour to fulfil these objectives and they have done this jhb quite successfully. When the Food Corporation was not there the price of foodgrains in the market at the time of arrival was the

the lowest. If we see all the year round, at the time of the lean period, the prices would go up. The farmers would clamour that then they offer the foodgrain prices are the lowest, and when the season is over it rises much more. Thus their objection was that they were not getting the proper price for foodgrains. Advantages were taken by middlemen who used to hoard the food grains and sell them at a profit during the lean period. Now, the F.C.I. has eliminated all this and thus it has proved to be a friend of the farmer. All the year round the price of procurement is the same and it is giving food grains at the same price to all the fair price shops.

Shri Atal Bihari Vajpayee mentioned regarding some complaints about low price being offered to the farmers. That may have happened. I can conceive because where the farmer has not offered the fair quality of foodgrains or being not up to mark or specifications.

The second object of the F.C.I. was to create enough buffer stock and have sufficient storage in the country. At the outset when the Food Corporation was organised the total available capacity in the country was something like 6.18 lakh tonnes. Now they have raised it to 28.87 lakh tonnes plus the rented capacity for a total of 78.60 lakh tonnes. In order to meet such a big storage, in order to have a buffer stock like this it is very necessary that we are bound to incur great deal of interest because huge amount is involved and interest is bound to be heavy. If we do not have the buffer stocks naturally then the price will go down. Therefore, it is the objective of the F.C.I. to have buffer stock and to have enough stocks so that this may be used at the time of our needs.

The third objective for the F.C.I. is to give foodgrains and to make foodgrains available to the consumers at reasonable prices. Distribution is mainly the function of the State Governments and in some places where the States have not undertaken distribution the F.C.I. has come forward to perform this function but by and large what we have seen is that the F.C.I. has been able to give adequate supplies to the Fair Price Shops. In this way, the consumer has been able to get the foodgrains at the price fixed by the Government.

Now I come to the main charge that there have been heavy expenses. I do agree that some of the expenses are to be looked into. In this respect, I would request the Minister to appoint some departmental committee to go into the cases where the heavy expenditure had been incurred. Mainly the expenditure is about Rs. 2 being the mandi charge which, in any case, the F.C.R. or if any business man goes and purchases the grains in the market has to pay for. As regards the freight charge of Rs. 3.64 if somebody buys grains from Punjab —surplus area—or if Bengal Government wants to purchase it, they will have to incur this charge Rs. 7 or 8 or 9 per quintal. This is the F.C.I.'s pool price all over India and it is fixed price. This is the transport charge. That is why it is so low as Rs. 3.64. Even if it is to be transported from Punjab to Delhi and at the same time to Calcutta, Rs. 3.64 is the pool price and I do not think that there is anything that we can do about that.

As I mentioned earlier, we have to create a big buffer stock for our own requirements in the lean months. On foodgrains, if such a colossal amount is invested, the interest is bound to be high. If we do not have stocks, then what shall we get at the time of our need ? We may not have anything at all. The next item that worries us is about the administration charge of Rs. 2.76. This is the item which Government must look into. There is room for reduction in this amount. In certain States there is no procurement. Why then we should keep so much staff there There should be less staff here. I do agree with it. Now the functions of F.C.I. have been passed on to the States Food Corporation. It will be their function to procure the foodgrains. In certain States like Orissa and Bihar there is no procurement there. Why should we have such a heavy financial stake there ? I do not rule out the possibility of the transport charges being slightly higher. In this case what we find is that sometimes the food is transported by trucks and sometimes by rail. Whatever grains that may fall in transit they are taken by the people. At the destination station ultimately we do find that there is a shortage in the quantity of foodgrains

[Shri RAGHUNADAN LAL BHATIA]

in the bag. Certain cases have also been brought to the notice of the Government in this regard and action has been taken.

Now, the objection is this. Why are the functions of the F.C.I. being given to the State Governments ? Why should they have the Food Corporation when it is not buying more than 20 to 25% of the requirements ? In the surplus areas like Punjab, Haryana and western U.P. there are certain State Agencies also which are purchasing all the foodgrains. Take for example the Marketing Federation. The State Governments are buying from them their local requirements. There the functions of the F.C.I. are being performed by the State Government. As we all know, food is a common subject— it is a subject of the Centre as well as the States. Some States have come forward for having their own Food Corporations. It is a happy augury. They have now taken up the responsibility of procuring, storing and distributing foodgrains. In this way the burden of the F.C.I. is also lightened. We are glad that we are transferring this function to the States Food Corporations

I would request the Minister to go into certain problems that may arise out of this function. First is that the surplus States may not pass on their surplus food to the central pool. Who would look into this thing ? What about the targets? They would like straight way to have more and more foodgrains for their use; at the time of national need or at the time of floods or drought, will the surplus States be able to give food to the Central pool ? This is one point which the hon. Minister must look into while this function is being transferred.

Secondly, what will happen to the surplus staff of the F.C.I. ? Will they they be asborbed by the Food Corporations of the States ? This also must be looked into. The people who are already serving the F.C.I. should not be out of job.

Thirdly, I would like to know whether the Food Corporations of the States will have adequate funds with them to purchase these colossal amounts of foodgrains and store them as buffer stock ? This is more or less an administrative point, and I hope Government will look into it.

I w[illegible] t that a big change has come in the F.C.I. after the appointment of the new officer who is very able and who as Director-General has already handled foodgrains in Punjab and is thus a very experienced man, and I am sure tha all the drawbacks which we have noticed so far whether it be in regard to to transportation or in regard to extra cost or with regard to pilferage will be certainly looked into by him, and I am quite sure that he has the capacity to manage all these affairs to the entire satisfaction of our country or nation.

**श्री नाथूराम मिर्धा** (नागौर) : माननीय सभापति जी, वाजपेयीजी ने इस सदन में फूड कारपोरेशन के बारे में जो चर्चा उठाई है, मैं समझता हूं कि ठीक काम किया है। इस पर अगर उन का यह इरादा हो कि चूंकि फूड कारपोरेशन कुछ व्यापारियो को रिप्लेस करने जा रहा है, चूंकि उन का धन्दा छिन जायगा, इस लिये उन को खुश करने के लिये यह मामला यहां उठाया है...

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (ग्वालियर) : आप ने मेरे भाषण को नहीं सुना है।

**श्री नाथूराम मिर्धा** : यह ठीक है मैंने उन के भाषण को नहीं सुना है, इस लिये मैं किसी बैक-ग्राउण्ड में जाये बिना कुछ कहना पसन्द नहीं करूंगा। लेकिन चूंकि यह संस्था हमारे देश के लिये बहुत जरूरी है, इस का उद्देश्य किसानों को लाभ पहुंचाना है, कन्ज्यूमर्स को फायदा पहुंचाना है, बीच में कम से कम खर्चा लगा कर अच्छे तरीके से व्यापार करना है इस लिये मैं इस के सम्बन्ध में अवश्य कुछ कहना चाहता हूं। हमारे देश में अकाल भी पड़ते हैं, कई तरह की मुसीबत आती हैं, जब अच्छी फसल हो, अच्छा जमाना हो तब व्यापारीयों के डिमाण्ड और सप्लाई के कानून के मुताबिक हमारा गेहं इतना नीचे गिर जाता है कि किसान को फायदा नहीं होता

और उसका असर अगले साल के उत्पादन पर पड़ता है--इन सब बातों को दृष्टि में रखते हुए इस संस्था का देश में होना बहुत जरूरी है। इस लिये जिस इरादे से यह संस्था बनी है, वह इरादा बड़ा नेक है। इस कारपोरेशन ने इस देश में काफी काम किया है—बफर स्टाक बनाये हैं, जब मुल्क में धान नहीं था, इस संस्था ने बाहर के मुल्कों से धान मंगा कर स्टाक किया और लोगों को बांटा। आज तो हमारे देश में किसान काफी धान पैदा करने लगे हैं, सिवाय कुछ अकाल के सालों को छोड़ कर हम काफी सैल्फ-सफिशियन्ट हो गये हैं। ऐसे समय में सारा खाद्यान्न किसानों से वक्त पर खरीद कर उन को उत्पादन का सही दाम देना उसके बाद स्टोर कर के कुछ अकाल के सालों को छोड़ कर हम कन्ज्यूमर्स को पूरे साल भर तक उस धान को ठीक तरह से बांटना—यह सब काम इस संस्था ने किया। इस काम को करने में इन्होंने काफी बड़ा स्टाक बनाया, गोडाउन्स की व्यवस्था की। इतने बड़े काम में कुछ गलतियां भी हुई हैं, उनको सुधारने की जरूरत है। इतने बड़े काम को करने में कारपोरेशन का जो उद्देश्य है, जो दृष्टिकोन है, उसमें थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता है।

मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं--आज हम गावों से चावल खरीदना है, गेहूं खरीदना है, दूसरी तरह के अनाज खरीदने हैं——इस काम के लिये इन का गांव और मण्डियों के बीच जो लिंकिग है, वह ठीक नहीं है। ये आज भी पुराने व्यापारियों के साथ मिल कर काम करते हैं, यह तरीका गलत है। इस के लिये हमें कोआपरेटिव सोसाइटीज, रेगुलेटेड मंडीज और दूसरे लोगों का सहारा लेकर इस काम को ईमानदारी से करना चाहिये क्वालीटी की दृष्टि से अच्छा स्टाक खरीद कर किसान को तुरन्त दाम मिलना चाहिये, लेकिन इस काम में भी बहुत कमी है। इन कमियों को दूर करने के लिये यदि हमारे सदन के माननीय सदस्य जोर देते हैं तो वह वाजिब बात है। अभी हाल में इन्होंने शूगर डिस्ट्रीब्यूशन का काम भी अपने हाथ में लिया है, इसी तरह से और भी काम बढ़ सकते हैं। कई राज्य सरकारें अपने खुद के कारपोरेशन बना रही है—इन कारपोरेशनों का, कोआपरेटिव इंस्टीचूशन्ज का, वेअरहाउसिंग कारपोरेशन का और रेगुलेटेड मार्केटस की चमेटियां का आपस में तालमेल नहीं है समन्वय नहीं है। इनसे जो लाभ उठाया जा सकता है, वह दृष्टिकोण फूड कारपोरेशन के अधिकारियों में कतई देखने को नहीं मिलता है। बहुत थोड़ी जगहों पर कोआपरटिव्ज का उपयोग किया जा रहा है, ज्यादातर काम प्रायवेट ऐजेन्टस् के द्वारा किया जाता है। माल खरीदते समय क्वालीटी इंस्पैक्टर्स की भी बहुत प्राबलम है। कोई माल खरीदते हैं, कोई रिजक्ट कर देते हैं और फिर वही रिजेक्ट किया हुआ माल थोड़ी देर बाद ठीक कर देते हैं—इस प्रकार की अनेकों शिकायतें हमारे पास आई है। यह एक व्यापारिक संस्थान है, इस का दृष्टिकोण एक व्यापारिक दृष्टिकोण होना चाहिये। इस के अधिकारियों का काम करने का, सोचने का और व्यवहार करने का बहुत अच्छा तरीका होना चाहिये अफसरशाही का तरीका इस में नहीं चल सकता है। आप चाहे इनको अच्छी तनख्वाह दीजिये, लेकिन ईमानदारी के साथ मालख रीदें जहां स्टोर करें वहां दवाइयों का छिड़काव करें

[श्री नाथूराम मिर्धा]

माल को खराब न होने दें उस को टाइम पर बेचे, इस सारे काम की देखरेख के अन्दर अच्छे अधिकारी हों, अच्छे चेयरमैन हों, इस में सुधार की बहुत गुंजाइश है।

इनका जो इन्सीडेन्टल खर्चा है, किसी व्यापारी के खर्चे के मुकाबले बहुत ज्यादा है। जहां एक व्यापारी का 14–15 या 16 रुपये क्विटल खर्चा आता है, वहां इनका 26–27 रुपये खर्चा आता है —ऐसा क्यों है, इसको देखने की जरूरत है। इन्सीडेन्टल खर्चे को कम करने की कोशिश की जाय, माल टाइम पर खरीदा जाय, किसानों को उचित दाम दिया जाय, इस काम में स्टेट कारपोरेशनों, कोआपरेटिव सोसायटीज और रेगुलेटेड मंडियों का उपयोग किया जाय ताकि इन के इंस्पैक्टर्स जो आर्बिटरी पना चलाते हैं, वह न चले। सब का आपस में ताल मेल हो तथा एक दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता है। इस प्रकार की व्यवस्था से हमारे किसानों को उचित दाम मिलेगा, कन्ज्यूमर्स को अच्छी क्वालीटी का माल मिलेगा। इन चीजों के दामों में बहुत बड़ा उतार-चढ़ाव नहीं होना चाहिये, बिचौलिये जो शोषण करते हैं, उसको समाप्त कया जाना चाहिये और यह काम यह फूड करापोरेशन ही कर सकती है। इस लिये मैं यह समझता हूं कि इस संस्था की बुनियाद बहुत अच्छे सिद्धांतों पर आधारित है, लेकिन आज इस में जो कमियां हैं उन को दूर करने की जरूरत है। इस के लिये हमारी सरकार को निरंतर प्रयत्नशील रहना पड़ेगा, देखरेख रखनी पड़ेगी और इस कारपोरेशन में काम करने वाले अधिकारी अपने दृष्टिकोण को बदल कर काम करेंगे, जिस के लिये आप को ट्रेनिंग देनी पड़ेगी, तब यह काम ठीक तरह से चल सकेगा। इस में अगर ज्यादा आदमी हैं तो खामख्वाह खर्चा क्यों बढ़ाया जाय, वह खर्चा कन्ज्यूमर्स पर पड़ेगा, उस खर्चे को कम करने की जरूरत है। स्टाफ की जहां जरूरत है, वहां रखिये, अच्छे पढे-आदमी रखिए, लेकिन कम रखिये, एफिशियेटन्ली काम करनेवाले रखिये। यह दृष्टिकोण नहीं होना चाहिये कि जो भी कचरा हो, सब इसमें भरते चले जायें। जो भी अफसर बन कर आये अपने दो-चार आदमियों को इसमें भर दे—यह चीज नहीं चल सकती।

इस लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस संस्था ने काफी उपयोगी काम किया है। पिछले साल में उन्होंने 10 मिलियन टन अनाज का हैण्डलिंग कर के उसका डिस्ट्रीब्यूशन किया है। आज भी किसानों को पैडी बड़ी मात्रा में खरीद रहे हैं और यह काम भी अभी काफी दिनों तक चलेगा। व्हीट की भी बहुत बडी क्राप आ रही है। कोर्स ग्रेन भी कई इलाकों में भी खरीदना है। एक बात बहुत जरूरी है कि इनको दूर दूर के भागों में जा कर माल खरीदना चाहिये। जब तक रीजनेबिल डिस्टेंस तक जा कर खरीद नहीं करेंगे तब तक किसानों को लाभ नहीं होगा। इस समय भी भाव काफी ऊंचे हैं। पैडी का प्रोक्योरमेंट तेजी से चल रहा है कोर्स ग्रेन में मका अभी भी काफी ऊंचे दामों पर बिक रहा है। आपको यह देखना चाहिये कि आप का जो लेवी का सिस्टम है उसमें किसान को कम से कम तकलीफ हो, इन सब कामों के लिये अधिकारियों का दृष्टिकोण बदलने की आवश्यकता है।

इन चन्द सुझावों के साथ मैं फिर निवेदन करना चाहता हूं कि बिचौलियों को हटाना पड़ेगा। फूड कारपोरेशन को मजबूत बनाना पड़ेगा और खाद्यान्न के अलावा और भी कई ऐसे काम हैं जोकि

इस कारपोरेशन से करवाने पड़ेंगे जैसे कि तेल और तिलहन का मामला है उसके बारे में भी हमको सोचना पड़ेगा। हमको इस बात की व्यवस्था करनी पड़ेगी कि समाज की बुनियादी जरूरत की जो चीजें हैं उनके उत्पादन के लिये किसान को हम वाजिब दाम दे सकें और साथ ही कंज्यूमर्स में वह क्वालीटी की चीजें समय पर और वाजिब दाम में वितरित कर सकें। इस उद्देश्य की प्राप्ति में यह कार्पोरेशन ही हितकारी साबित हो सकता है। इस कार्पोरेशन ने जो काम किए हैं उनमें कुछ खूबियां भी रही हैं लेकिन साथ साथ इस बड़े काम में कुछ कमियां भी देखने में आई है जिनको सुधारने की जरूरत है। इस दृष्टिकोण से इस सम्बन्ध में जो कांस्ट्रक्टिव सुझाव आते हैं उनपर मैं उम्मीद करता हूं सरकार गौर करेगी और साथ ही इस कार्पोरेशन के अधिकारीगण इन सारे मामलों पर उसी भावना से देखेंगे और उनको सुधारने का प्रयत्न करेंगे।

**श्री नाथूराम अहिरवार** (टिकमगढ़) : सभापति महोदय, फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया को स्थापित करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी कि पिछले समय में सरकार ने देखा कि जब कभी कोई सूखा पड़ता है या कही बाढ़ आती है तो खाद्यान्न का अभाव हो जाता है और उस समय जो गल्ले के व्यापारी है, जो बिचौलिये हैं वे उस अभाव का नाजायज फायदा उठाकर किसानों से सस्ते दामों पर गल्ला खरीद कर कंज्यूमर को ऊंचे दाम पर बेचते हैं। 1965 में जब फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया की स्थापना की गई थी उस समय केवल एक ही उद्देश्य था कि विदेशों से जो गेहूं अपने देश में आता है उसको हैंडिल करने के लिये हमारे पास भी एक ऐसी एजेन्सी होनी चाहिये जोकि उसको लेकर देश के हर राज्य में पहुंचा सके। इसी उद्देश्य से जो बन्दरगाह थे वहां पर इसकी स्थापना की गई। फिर 1966 में इसके कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के लिये इसको और मजबूत बनाने के लिये सरकार ने इस कार्पोरेशन के काम को और अधिक बढ़ाया। बाद में सरकार ने इस बात को भी देखा कि जब हम चाहते हैं किसानों को फर्टिलाइजर दें, उनके लिये सिंचाई के साधन बढ़ायें उसके बाद भी इस देश में जो इतना गल्ला पैदा होता है, उसको पैदा करने वाले किसानों को उसकी कम कीमत क्यों मिल रही है और जो उसको खाने वाले उपभोक्ता है, शहरों में या देहातों में, उनको महंगी कीमत क्यों देनी पड़ रही है। इस बात को समाप्त करने के लिये सरकार ने सपोर्ट प्राइस की प्रथा चलाई यानी बाजार में एक निर्धारित कीमत पर वह गल्ला खरीदेगी। अगर उससे अधिक कीमत कहीं पर किसान को मिलती है तो वहां पर वह उसको बेचेगा ही लेकिन उससे कम कीमत पर सरकार गल्ले को न बिकने देकर एक निर्धारित कीमत पर उसको खरीद लेगी। इस सपोर्ट प्राइस से काफी लोगों को फायदा पहुंचा और यह प्रथा बराबर चली आ रही है। लेकिन इसमें भी व्यापारी लोग कुछ गड़बड़ी करते हैं, उसका नाजायज लाभ उठाते हैं तो फिर सरकार को सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि एक तो हम सपोर्ट प्राइस रखें और उधर दूसरों से गल्ला खरीदवायें इसलिये प्रयोग के तौर पर गेहूं के थोक व्यापार को सरकार ने अपने हाथ में ले लिया। मैं कहना चाहता हूं कि जिस समय सरकार ने इस बात की घोषणा की कि गेहूं के थोक व्यापार को हम अपने हाथ में लेना चाहते हैं, मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं, एक बड़े व्यापारी ने मुझे बताया कि आपकी सरकार के पास क्या इंटेलिजेन्स है, हमारे गल्ले के व्यापारियों ने देश भर के ग्रेन ट्रेडर्स को टेलीग्राम दे दिया

[श्री नाथूराम अहिरवार]

था कि फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स से पैसे लेकर जितना कोर्स ग्रेन है उसको गेहूं से ड्योढ़े दामों पर खरीदना शुरू कर दो, इसके लिये तुमको पैसा देंगे और आप इस बात को देखेंगे कि जिस वक्त से आपने गेहूं के थोक व्यापार को अपने हाथ में लिया उसी दिन से बाजार में ज्वार, बाजरा मक्का के दाम ऊपर चले गए। इस बात का असर किसानों पर पड़ा कि ज्वार, बाजरा, मक्का तो बाजार में मंहगे भाव पर बिके और हम अपना गेहूं सस्ते भाव पर दें। इसका नतीजा यह हुआ कि सरकार ने जो 81 लाख टन का लक्ष्य निर्धारित किया था वह 45 लाख टन तक ही पहुंच पाया। जो छोटे किसान थे उन्होंने तो 76 रुपये में अपना गल्ला दे दिया लेकिन जो बड़े किसान थे उनको व्यापारियों ने एडवान्स देकर गल्ला उनके पास रोक दिया। उसके बाद फिर चारों तरफ देश में हड़तालें हुईं, बन्द हुए और फिर मजबूर होकर सरकार ने जो रेस्ट्रिक्शन लगाए हुए थे रीजन के, उनको खोला। अब वह गल्ला 140–145 के भाव में बिक रहा है तथा वे किसान आज रो रहे है जिन्होंने 75 रुपये के भाव में अपने गल्ला बेच दिया था।

मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र की बात कहता हूं मैं ने वहां पर गांव गांव में जाकर साढ़े तीन लाख क्वींटल की खरीद करबाई जब रेस्ट्रिक्शन था तब गेहूं का भाव 85 रु० क्वींटल था लेकिन आज वहां पर जो बड़े किसान हैं उन्होंने हजारों क्वींटल गेहूं बीज के नाम पर डेढ़ रुपए में महाराष्ट्र में जाकर बेचा। इस तरह से हमारी फूड कार्पोरेशन किसानों को सही कीमत दिलाना चाहती थी उसका असर उल्टा हो गया। या तो फिर आपको रेस्ट्रिक्शन हटाना नहीं चाहिए था क्योंकि अगर हम राज्य सरकारों को कहते हैं तो वे कहती हैं यह रेस्ट्रिक्शन आपने हटवाया। इस प्रकार सारा दोष आप पर आता है। इसके बारे में आपको गम्भीरता से सोचना चाहिए कि हमारे जो किसान हैं उनको गल्ले की सही कीमत मिले और उपभोक्ता को भी सही दाम पर गल्ला मिले।

एक बात और है। आप जो गल्ला खरीदते हैं, मैंने खुद सेन्टर्स पर जाकर देखा है कि तीन बार छान कर गल्ला लेते हैं लेकिन जब वही गल्ला फेयर प्राइस शाप्स पर पहुंचता है तो पता नहीं कहां से उसमें बजरी और कचरा आ जाता है। तो इस बात को भी देखने की जरुरत है। इन बातों से फूड कार्पोरेशन बदनाम होता है। इसके लिए हमको देखना चाहिए की आखिर यह होता कैसे है? मैंने स्वय जाकर देखा है सेन्टर्स पर। एक सेन्टर पर एक क्वालीटी इन्सपेक्टर थे जिसकी समझ में हिन्दी नहीं आती थी। यह पब्लिक अंडरटेकिंग है, हमारे मध्य प्रदेश में 1600 आदमियों की भर्ती फूड कार्पोरेशन में हुई जिसमें 200 आदमी मध्य प्रदेश के हैं और बाकी ऐसे एरिया से आये है जहां गेहू कभी देखा नहीं तो फिर वे गेहू की ग्रेडिंग कैसे करेंगे? पब्लिक अंडरटेकिंग के लिए नियम यह है कि लोकल आदमियों को एम्प्लाय किया जाये लेकिन हमारे यहां ऐसे आदमियों को रखा गया है जिन्होंने कभी देखा नहीं कि गेहूं का दाना कैसा होता है, गेहू का पौधा कैसा होता है और उन लोगों से आप गेहू का ग्रेडिंग करवा रहे हैं। इसलिए इन चीजों को आपको दूर करना पड़ेगा और जो लोकल आदमी हो उन्हीं में से क्वालिटी इंस्पेक्टर्स रखने चाहिए।

जहां तक गोडाउन्स की बात है, सरकार के गोडाउन्स में 18.40 लाख टन की कैपेसिटी है। कई जगहों पर आपके पास

उपयुक्त स्थान न होने की वजह से जो गेहूं खरीदा जाता है वह प्राइवेट मकानों में रख दिया जाता है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप राज्य सरकारों से कहें या किसी भी तरह से आपके पास गोडाउन्स की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए जहां पर कि गल्ला सुरक्षित रखा जा सके क्योंकि प्राइवेट आदमियों के यहां जो गल्ला रखा जाता है उसमें पिल्फ़ेज और दूसरी गड़बड़ी की बातें होती हैं। मेरे देखने में यह बात आई है कि एक आदमी पांडे था जोकि मेट था लेबरों के उपर उसको गोडाउन-कीपर बना दिया जहां पर दो लाख क्वींटल गल्ला रखा था। पिछले साल की बात है कि दो ट्रक गेहूं सेन्टर से खरीद कर आया और बाहर ही बाहर चला गया, आजतक उसका कोई पता नहीं। वह सस्पेंड है लेकिन आज भी होटल में बैठ कर दो मुर्गे वह रोज खाता है। तो सरकार मेहनत करके इतना गल्ला खरीदती है, इतना पैसा खर्च करती है लेकिन उसका दुरुपयोग होता है तो उसके बारे में भी सरकार को ध्यान देना चाहिये।

इसी प्रकार से मैं ने अखबार में एक खबर पढ़ी, ब्लिट्ज में कि ईस्टर्न रीजन में कर्मचारियों की जितनी तनख्वाह होती है उसकी आधी रकम के मेडिकल रिइम्बर्समेंट के बिल दे रहे हैं तो इस बात को भी चेक करना चाहिए कि वह कितना बीमार होते हैं। फिर इतना सरप्लस स्टाफ रखा गया है। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि भारतीय खाद्य निगम वैसे तो अच्छा काम कर रहा है, और किसानों को राहत मिली है, लेकिन कहीं कहीं पर ऐसा भी है प्राइवेट ट्रेडर्स के साथ उन की सांठ-गांठ हो जाती है। इसलिये आप कोआपरेटिव्ज के जरिये से गल्ला खरीदिये, प्राइवेट ट्रेडर्स के साथ-सांठ गांठ नहीं होनी चाहिये। मेरे जिले में कोआपरेटिव सोसायटीज से गल्ला खरीदा जाता था, लेकिन पास में ही उत्तर प्रदेश में प्राइवेट ट्रेडर्स के हाथ बेच दिया जाता था। दिन में अगर चार ट्रक गल्ला लिया गया तो एक ट्रक भारतीय खाद्य निगम को मिलती थी और तीन ट्रकें 80 रुपये में खरीद कर 115 रु० में व्यापारियों को बेचते थे। मैंने शिकायत की थी कि इन खामियों को दूर करना चाहिये। लेकिन कोई कारगर कदम उस दिशा में नहीं उठाया गया। आप अपना स्टाफ बढ़ाते चले जा रहे हैं, साथ ही काम में गड़बड़ भी बढ़ती जा रही है। अगर ट्रेडर लोग ऐसा करते तो भूखों मर जाते। इसलिये आप को सोचना चाहिये कि घाटा क्यों हो रहा है। मैं मानता हूं कि भारतीय खाद्य निगम ही एक ऐसा माध्यम हो सकता है जो हमारी आवश्यकता की चीजें दे सकता है, लेकिन इस की व्यवस्था गडबड़ है। एक अनपढ़ प्राइवेट ट्रेडर उसी काम को कर के लाभ कमाता है, और खाद्य निगम में इतने पढ़े लिखे आदमी होते हुए भी घाटा उठाना पड़ रहा है, इस बारे में मंत्री महोदय को गहराई से सोचना चाहिये।

एक बात और है कि जो भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारी हैं वह राज्य अधिकारियों की बात नहीं मानते। अगर कोई गलती करता है तो कलेक्टर की बात नहीं मानता। वह कहता है कि अगर कोई शिकायत है तो एफ०सी०आई० के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को लिखिये। जब तक उस को लिखा जाय तब तक यहां चौपट हो जाएगा। इसलिये मध्य प्रदेश सरकार को वस्तु व्यापार निगम बनाना पड़ा दुखी हो कर, क्यों कि वह अपने को सेन्ट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारि मानते है। इसलिये इन के ऊपर नियंत्रण होना चाहिये, या जिस राज्य में काम करे वहां की डिस्ट्रीक्ट अथोरिटीज के अधीन काम करें। इन बातों पर विचार कर के सरकार आवश्यक

(श्री नाथूराम अहिरवार)

सुधार करें तो इस संस्था को बहुत हितकारी देश के लिय बनाया जा सकता है, और जो हमारा उद्देश्य है समय पर लोगों को जरूरत की चीज पहुंचा सकें वह भी पूरा हो सकता है । इसलिये भारतीय खाद्य निगम की वतमान व्यवस्था में काफी सुधार की आवश्यकता हैं। मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय इस पर ध्यान देंगे ।

Mr. CHAIRMAN : Shri S. S. Mohapatra—absent. Shri P. Gangadeb.

SHRI P. GANGADEB (Angul) : Mr. Chairman, Sir, I rise to speak on the subject under discussion. When Mr. Atal Bihari Vajpayee and other Opposition friends of ours have spoken and are capable of putting things in a very colourful way, in the usual manner, I do not know whether I shall be able to bring him my points. A few words that I have to say in the matter, I am confident, will be understood in the right spirit.

In the present state of affairs, when economic indicators are not to our liking which is true specially on the price front, it is quite natural that the people get emotional and our Members representing opposition parties are no exception of it.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : You belonged to the Opposition.

SHRI P. GANGADEB : I was once. But rightly, I have come to this side. Naturally, when things prove to be hard, one seems to find out scapegoats. But that is not the answer to the problem that we are discussing now. I believe we have got to think and discuss objetively if we desire to find concrete solutions.

We have before us the case of the Food Corporation of India. It is an important organisation which procures, stocks and distributes foodgrains. If its performance falls short of expectation to us all, it does not go unnoticed. It is, after all food and food is very important. It is not steel; it is not machinery. It is food which is being dealt with by this organisation and we should not forget that.

I am happy to find that the Government have realised the fact that the FCI as not been doing too well. I am also happy at the same time that efforts are being made sincerely by the Government undoubtedly, we have seen that in the past efforts are being made sincerely by the Government to improve its working and thereby its image.

Sir, as the FCI functions under the public eye, every facet of its working needs improvement. I, therefore, suggest that it is necessary to review the procedure of procurement. The storing and transportation facilities need improvement What is important is that food should be available in right quantities, of right quality and at the right place and specially at the right time.

Sir, the FCI, if I may say so, has become not only a monolithic organisation as I said in a previous speech some time back but it also enjoys a monopoly. Both hamstring efficiency. I suggest for the consideration of the Government that the FCI should split up into a number of corporations, both on regional basis and on commodity basis. One may say that it adds to overheads but, I think, it can be compensated by the benefits of competition and decentralisation in management. After all, we have a number of nationalised banks which compete among themselves ....

AN HON. MEMBER : Also insurance.

SHRI P. GANGADEB : Yes; insurance also, as my hon. friend points out.

Therefore, the question automatically arises: why not the same type of competition encouraged in the case of food procurement, management and distribution?

I would like to make another point here. I would suggest that the price of foodgrains and other staple food should be uniform all over the country. The consumer, whether at Calcutta or Delhi or Madras or any other place, should get rice or wheat at the same price. I think, the hon. Minister will think over and give his reply to this suggestion.

I would like to end by saying that food has always been a sore point with us and I do hope that the FCI will further streamline their administration to overcome adverse public scrutiny.

**श्री राम नारायण शर्मा** (धनबाद) : फूड कारपोरेशन को स्थापित करने का जो उद्देश्य था वह बहुत महत्वपूर्ण उद्देश्य था। उसको उपभोक्ता और उत्पादक के बीच की कड़ी बनना था। उत्पादक को कम कीमत दे कर उपभोक्ता से अधिक लेने की जो कड़ी होती है उस कड़ी को तोड़ कर उपभोक्ता को सस्ती से सस्ती कीमत पर और उत्पादक को मुनासिब कीमत दे कर, सामान उपलब्ध करने का काम इस कारपोरेशन को करना था। इस महत्वपूर्ण उद्देश्य को पूरा करने के लिए इस संस्था में लगभग चालीस हजार लोग लगे हुए हैं। लेकिन इस उद्देश्य की प्राप्ति की दिशा में जो काम हो रहे है उनको जब हम देखते हैं तो जो खामियां नजर आती है उनको दूर करना बहुत आवश्यक है। उनकी ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिये। अगर सरकार उनको दूर कर सके या कारपोरेशन दूर कर सके तो इस उद्देश्य की प्राप्ति हो सकती है।

मै मानता हूं कि जब मंडियों में अनाज खरीदा जाता है तो उस वक्त भी कारपोरेशन का जो स्टैंडर्ड है वह एक नहीं होता है। जब किसान से, उत्पादक से खरीदते है तो एक दर से खरीदते हैं और जिस चीज को कारपोरेशन रद्द कर देता है और उस को उत्पादक मिडलमैन को बेच देता है उसीं को जब ये उससे खरीद लेते हैं तो क्या होता है? हमारे भाई श्री अहिरवार बता रहे थे कि कचरे कहां से आ जाते हैं? उन कचरों के आने का जरिया वही है, उन्हीं रास्तों से ये आ जाते है। वे कचरे उपभोक्ता को मिलते हैं।

साथ ही खरीद और बिक्री इन दोनों की दरों में जितना अन्तर दुरव्यवस्था की वजह से आ जाता है उतना अन्तर होना नहीं चाहिये। व्यवस्था अगर उचित हों तो वह अन्तर नहीं आना चाहिये।

कारपोरेशन के गोदामों में जो गल्ला रखा जाता है वहां उसकी परवाह करने वाला कोई नहीं रहता है। कोई नहीं देखता है कि जो माल पहले आया उसको पहले निकाल कर उपभोक्ता को दिया जाए और जो पीछे आया वह स्टोर में रहे। इस की वजह से लाखों लाख टन गल्ला बरबाद हो जाता है। वह मनुष्य के उपभोगता में आने लायक नहीं रह जाता। इतना ही नहीं सरकारी गोदामों में आम तौर पर देखा गया है कि वायुमंडल का असर बराबर सूखने का ही होता है अनाज वजन में बढ़ने का नाम नहीं लेता। वह सूख करके घट ही जाता है फिर चाहे बरसात का समय हो, छत चूती हो या अन्न भीगा हुआ हो। जो इसके लिए जिम्मेबार होते हैं उनको अपना काम ठीक से करना चाहिये।

इतना ही नहीं। वितरण का जो काम होता है, एक जगह से दूसरी जगह अनाज भेजने की बात होती है उस में भी अधिकारियों का हाथ साफ नहीं रहता हैं और जिस नीयत से वे काम करते है, जो प्रवृत्ति सरकारी कर्मचारियों में होती है वही इन में भी आ गई है। उनकी भी प्रवृत्ति यह हो गई कि तनख्वाह तो वे नौकरी में रहने के लिये पाते है, काम करने के लिये उन्हें क्या मिलता है और अधिक से अधिक कैसे उनको मिल सकता है, अधिक से अधिक उपार्जन किस प्रकार कर सकते है, इसकी चिन्ता उनको लगी रहती है ?

उपार्जन करने की दृष्टि से एक अलग व्यवस्था आपको मालूम ही होगा वर्कर्स मैनेजमेंट की कहीं पर भी आज नहीं है इस देश में लेकिन फूड कारपोरेशन में है हैंडलिंग का प्रश्न जब आता है, बोरों

[श्री राम नारायण शर्मा]

